देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 14 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
आईपीसीसी की
ताजा रिपोर्ट




देहरादून, मंगलवार, 12 अप्रैल 2022

# पेज थ्री




मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 22.0°

42243.39

**2** पाक सेना पर भड़के इमरान समर्थक

**7** धोनी से ओपनिंग कराने का आइडिया बुरा नहीं

# शहबाज शरीफ बने पाक के नए पीएम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की संसद (नेशनल असेंबली) ने सोमवार को देश के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शहबाज शरीफ को चुन लिया है। पाकिस्तानी संसद में मतदान के दौरान प्रधानमंत्री चुने गए शहबाज शरीफ का सोमवार रात 8 बजे शपथग्रहण हुआ। इस दौरान पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी शहबाज शरीफ को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। पीएमएल–एन प्रमुख शहबाज शरीफ पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री होंगे। उन्होंने 174 वोट पाकर इमरान खान की पार्टी के उम्मीदवार शाह महमूद कुरैशी को मात दी।

संसद में वोटिंग से पहले ही इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ के सभी सांसदों ने इस्तीफे का ऐलान करते हुए सदन का बॉयकॉट किया। सोमवार को नए पीएम के लिए होने वाले चुनाव में विपक्ष के चेहरे के रूप में शाहबाज शरीफ का नाम लगभग तय माना जा रहा है।

वहीं, पाकिस्तान तहरीक ए–इंसाफ पार्टी की ओर से शाह महमूद कुरैशी का नाम भी प्रधानमंत्री की रेस में बताया गया। बता दें कि सप्ताह भर देश में जारी राजनीतिक संकट का अंत रविवार को इमरान खान के खिलाफ पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के बाद हो गया जिसमें प्रधानमंत्री के पद से उन्हें हटा दिया गया।

**पीटीआई सदस्यों ने किया वहकआउट:** नेशनल असेंबली में नए प्रधानमंत्री का चुनाव करने के दौरान पीटीआई सदस्य बाहर चले गए। कुरैशी का कहना है कि हालांकि वह प्रधानमंत्री पद के लिए पीटीआई के उम्मीदवार थे, वह चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा करते हैं।

**इमरान की पार्टी के सभी सदस्य देंगे इस्तीफा:** पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से खबर आई है कि इमरान खान की पार्टी पीटीआई के सभी सदस्य नेशनल असेंबली से इस्तीफा देंगे। इमरान खान ने भी इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उनकी पार्टी के सभी सदस्य इस्तीफा देने जा रहे हैं।

**जल्द वापस आ सकते हैं नवाज शरीफ:** पाकिस्तान में सत्ता परिवर्तन के बाद से पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के वापस लौटने की सुगबुगाहट भी तेज हो गई है। एक वरिष्ठ पीएमएल–एन नेता ने बताया कि ईद के बाद नवाज शरीफ वापस लौट सकते हैं।

## इमरान खान के विदेशी साजिश के दावे को ड्रामा बताया

**चोरों के साथ नहीं बैठूंगा: इमरान खान**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने ऐलान किया है कि वह किसी हालत में संसद में नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को लूटने वाले चोरों के साथ पीटीआई के सांसद नहीं बैठेंगे जिन्हें विदेशी शक्तियों ने आयात किया है। माना जा रहा है कि इमरान खान ने सेना और सुप्रीम कोर्ट पर दबाव बनाने के लिए यह फैसला लिया है। इस बीच सूत्रों ने यह भी बताया कि ज्यादातर सांसदों ने इस इस्तीफे का विरोध किया है।



**शहबाज बोले, लोग इस दिन का जश्न मनाएंगे**

पाकिस्तान के नवनिर्वाचित पीएम शहबाज शरीफ ने कहा, आज सर्वशक्तिमान ने पाकिस्तान और देश के 22 करोड़ लोगों को बचाया है। यह पहली बार है जब अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान सफलतापूर्वक पारित हुआ है। इस देश के लोग इस दिन का जश्न मनाएंगे। शहबाज शरीफ ने कहा, बुराई पर अच्छाई की जीत हुई है। इमरान खान के विदेशी साजिश के दावों को ड्रामा करार दिया।

**हमारे सत्ता संभालते ही रुपया मजबूत हुआ**

तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ के छोटे भाई हैं शहबाज। नवाज शरीफ को साल 2017 में प्रधानमंत्री के के पद पर अयोग्य करार दिया गया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आज रुपया डॉलर के मुकाबले 8 रुपये ऊंचा गया है। 190 के मुकाबले 182 हो गया है। जो शख्स कहता था कि अगर एक रुपया नीचे जाए तो वजीरे आजम करप्ट होता है तो इसे आप क्या कहेंगे। मैं सुप्रीम कोर्ट ऑफ पाकिस्तान को अपनी तरफ और पूरे संसद की तरफ से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कानून और संविधान की ताकत को बनाकर रखा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पाकिस्तान के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

**मिसाइल 'हेलीना' का किया सफल परीक्षण**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने सोमवार को टैंक रोधी गाइडेड मिसाइल हेलीना का सफल परीक्षण किया। रिपोर्ट के मुताबिक स्वदेश में विकसित इस मिसाइल को एक लाइट काम्बैट हेलीकाप्टर से ऊंचाई वाले क्षेत्र में प्रक्षेपित किया गया। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने एक नकली टैंक के लक्ष्य को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया। यह मिसाइल दुनिया में सबसे उन्नत एंटी टैंक हथियारों में शुमार है।

**पीएम मोदी ने ज्योतिराव फुले को बताया सामाजिक न्याय के चैंपियन**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देशभर में ज्योतिराव फुले की 195 वीं जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर श्रद्धांजलि देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्सामाजिक न्याय का चैंपियन बताया है। पीएम ने कहा कि वे ऐसे समाज सुधारक थे जिन्होंने सामाजिक समानता, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा को बढ़ावा दिया।

# उत्तराखंड में लगनी शुरू हुई सतर्कता खुराक

## स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत की मौजूदगी में हुई शुरुआत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। प्रदेश के निजी टीकाकरण केंद्रों में सोमवार से कोवैक्सीन व कोविशील्ड की सतर्कता खुराक लगनी शुरू हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत की मौजूदगी में इसकी शुरुआत की।

**निजी अस्पतालों में इसे लगाने की शुरुआत:** केंद्र सरकार ने हाल में में यह निर्णय लिया है कि 18 वर्ष से अधिक आयु के जिन व्यक्तियों को कोरोनारोधी टीके की दूसरी डोज लगे नौ महीने का समय बीत चुका है, वे सतर्कता खुराक लगा सकते हैं। इसके लिए केंद्र सरकार ने शनिवार को मानक प्रचालन कार्यविधि जारी की। इसका अध्ययन करने के पश्चात अब प्रदेश सरकार ने निजी अस्पतालों में भी इसे लगाने की शुरुआत हुई है।

**न्यूनतम शुल्क में सतर्कता खुराक**





**लगाई जा सकेगी:** स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बताया कि निजी अस्पतालों में न्यूनतम शुल्क में सतर्कता खुराक लगाई जा सकेगी। इसकी कीमत 375 रुपये रखी गई है। उन्होंने कहा कि सभी निजी अस्पतालों में सतर्कता खुराक को लगाना अनिवार्य किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को इसका लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के स्तर पर 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों व फ्रंट लाइन वर्कर को सरकारी स्तर पर खुराक लगाना जारी रहेगा।

# छापेमारी की कार्यवाही हो किन्तु उत्पीड़न की कार्यवाही न हो

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल ने विधान सभा स्थित सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ राज्य कर की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में मंत्री ने प्रदेश की राजस्व बढ़ाने के लिए व्यापक कार्य–योजना बनाने के निर्देश दिये। प्रवर्तन कार्य में तेजी लायी जाए। छापेमारी की कार्यवाही हो किन्तु उत्पीड़न की कार्यवाही न हो। टैक्स बढ़ाने के लिए फर्मोव्यापारियों के साथ मंत्री स्तर की बैठक कराने के भी निर्देश दिये। राजस्व बढ़ाने के लिए व्यापारियों से भी सुझाव लिया जाए। रिक्त पदों के सापेक्ष भर्तियाँ की जाए ताकि विभाग को अधिक उपयोगी बनाया जा सके। पदों के ढांचों को तार्किक बनाने के भी निर्देश दिये।

बैठक में मंत्री ने निर्देश दिये कि जीएसटी से संबंधित आडिट व्यवस्था को मजबूत किया जाए और अपीलीय व्यवस्था को कारगर बनाया जाए। रिस्क मैंनेजमेंट और

**समीक्षा**

■विभागीय अधिकारियों के साथ राज्य कर की समीक्षा बैठक

एनालिसेस के आधार पर कार्य–प्रणाली विकसित हो। समय–समय पर ढांचा विकास के साथ–साथ प्रशिक्षण का प्रबन्ध भी किया जाए। कर प्रणाली का ढांचा इस प्रकार विकसित किया जाए ताकि उपभोक्ता–व्यापारी के हितों की रक्षा की जा सके। पर्यटक राज्य में पर्यटकों से लिया जाने वाला सर्विस चार्ज का अध्ययन कर लिया जाए ताकि पर्यटकों के हितों की सुरक्षा की जा सके।

मंत्री ने कहा कि समय पर रिटर्न फाईल होने होने वाली व्यवस्था के लिए प्रोत्साहन कार्य योजना बनायी जाए इसके लिए व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। आफिस में बोर्ड फ्लेक्स इत्यादि लगाये जायें। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम का भी उपयोग किया जाए। गूगल एलर्ट इलेक्ट्रॉनिक कलेंडर बनाने के भी निर्देश दिये।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■आतंकियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई

■दोनों ओर से फायरिंग जारी

जम्मू। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो चुकी है। आतंकी जिस जगह पर छिपे हैं, उसे सुरक्षाबलों ने चारों ओर से घेर लिया है। आतंकियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई लेकिन उन्होंने इसे अनसुना कर फायरिंग शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिला के खुरबतपोरा इलाके में एक जगह पर आतंकी छिपे हैं।

सेना और पुलिस ने संयुक्त अभियान आतंकियों के खिलाफ छेड़ा है। फिलहाल दो से तीन आतंकियों को घेर लिया गया है। दोनों ओर से फायरिंग जारी है। अन्य विवरण प्रतीक्षारत हैं।

यहां यह बता दें कि दो दिन पहले भी कुलगाम के डीएच पोरा इलाके में मुठभेड़ में एक आतंकी मार गिराया गया था जबकि उसी दिन अनंतनाग में हुई एक अलग मुठभेड़ में आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के कमांडर निसार को कुछ ही पलों में सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया था।